# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

No. Exam-2/Conf./2020/1285 Dated : 16/12/2020

## / / NOTIFICATION / /

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 के द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा खुली किताब पद्धति (Open Book) (द्वितीय अवसर) नवम्बर, 2020 आयोजित की जानी है। उक्त निर्देशों के परिपालन में विश्वविद्यालय की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 29.08.2020 को ओपन बुक पद्धति से परीक्षाएं कराये जाने की अनुमित प्रदान कर दी गयी है। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परीक्षा की समय सारिणी एवं दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

स्नातकोत्तर - एम.ए. (भूगोल) चतुर्थ सेमेस्टर (महाविद्यालयीन - नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों हेतु)

ओपन बुक परीक्षा (द्वितीय अवसर) नवम्बर, 2020 का कार्यक्रम

उत्तर पुस्तिकाओं को लिखने एवं संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय पर जमा कराने की समय-सारिणी

## एम.ए. (भूगोल) चतुर्थ सेमेस्टर हेतु

## ओपन बुक परीक्षा (द्वितीय अवसर) का कार्यक्रम नवम्बर, 2020

| पाठ्यक्रम | विषय | प्रश्नपत्र/पेपर अपलोड करने की तिथि | उत्तर पुस्तिका पर प्रश्नों के उत्तर लिखने की समय-सीमा (पेपर अपलोड होने की तिथि से पेपर हल करने का समय | परीक्षार्थी द्वारा अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय में पेपरों की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को एक साथ जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| **एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल** | | 19.12.2020 | 20.12.2020 | 21, 22.12.2020<br>समय<br>प्रातः 10:30 से सांय 04:30 तक |
| **Paper Code** | ***Optional Paper*** | | | |
| Paper-403 | Health Geography | | | |

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक

## विशेष निर्देश :-

**प्रश्न पत्र के संबंध में निर्देश :-**

1. स्नातक अंतिम वर्ष / सेमेस्टर स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर की जो परीक्षाएं पूर्व में प्रारम्भ हो गयी थी, उनके शेष प्रश्नपत्र/पेपर तथा जो परीक्षाएं प्रारम्भ नहीं हुयी थी उनके सभी पेपरों की विश्वविद्यालयक की बेबसाईट **www.jiwaji.edu** पर अपलोड के साथ साथ परीक्षार्थियों की SIS ID पर भी उपलब्ध कराया जायेगा जहां से परीक्षार्थी को स्वयं डाउनलोड करना होगा।
2. स्नातक स्तर पर प्रत्येक विषय का एक ही पेपर होगा परन्तु पेपर में खण्ड अलग-अलग हो सकते हैं। उदाहरणार्थ - रसायन शास्त्र का एक ही पेपर होगा किन्तु इस पेपर में तीन खण्ड होंगे।
3. उक्त परीक्षाओं हेतु पेपरों को कक्षावार विश्वविद्यालय की बेबसाईट / परीक्षार्थियों की SIS ID पर परीक्षा सारिणी के अनुसार परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 दिवस पूर्व अपलोड कर दिया जावेगा।

परीक्षा आवेदन पत्र/परीक्षा शुल्क के संबंध में निर्देश :-

1. सत्र 2019-20 की परीक्षाओं एवं परीक्षा परिणाम के लिए स्नातक/स्नातकोत्तर तथा अन्य समस्त संबंधित पाठ्यक्रमों के नियमित/स्वाध्यायी परीक्षर्थियों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा शुल्क एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा फार्म जमा करना अनिवार्य होगा। जिन परीक्षार्थियों ने पूर्व में ही परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है उन्हें पृथक से किसी प्रकार का शुल्क जमा नहीं करना होगा।

## उत्तर पुस्तिका के संबंध में निर्देश :-

1. परीक्षार्थी स्वयं के पास उपलब्ध रजिस्टर के कागज/ए-4 आकार के कागज की उत्तर पुस्तिका बनाकर स्वयं की हस्तलिपि में उत्तर लिखेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ के प्रारूप के अनुसार प्रत्येक परीक्षार्थी स्वयं का रोलनम्बर, नामांकन क्रमांक, महाविद्यालय का नाम, विश्वविद्यालय का नाम, विषय, उत्तर पुस्तिका के हस्तलिखित पृष्ठों की संख्या अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे। (छात्र की उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ का प्रारूप संलग्न है)
2. प्रत्येक विषय की उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर संलग्न प्रारूप प्रेषित करना अनिवार्य है।
3. परीक्षार्थियों को प्रत्येक विषय के लिए एक ही उत्तर पुस्तिका बनानी है। यदि किसी पेपर में खण्डों की संख्या अधिक है तो सभी खण्डों को एक ही उत्तर पुस्तिका पर लिखना होगा परन्तु उत्तर पुस्तिका में खण्डों का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए तथा एक खण्ड के उत्तर लिखने के उपरान्त ही नया खण्ड लिखकर उत्तर लिखना प्रारम्भ करना होगा।
4. उत्तर पुस्तिका में खण्ड एवं प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के साथ प्रश्नों का नम्बर एवं प्रश्न लिखना अनिवार्य होगा।
5. परीर्थियों को उक्त परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से कोई उत्तर पुस्तिका प्रदान नहीं की जावेगी।
6. परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्द तथा प्रत्येक उत्तर पुस्तिका में अधिकतम पृष्ठ संख्या कुल 16 होगी। जो कुल 08 पन्नों की होगी।
7. सभी परीक्षार्थियों को कुल विषयों की सभी उत्तर पुस्तिकाओं को एक साथ बांधकर उनके साथ अपना प्रवेश पत्र संलग्न कर उत्तर पुस्तिका संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय पर समय सारिणी के अनुसार नियत दिनांक एवं समय पर जमा करना अनिवार्य है।
8. उत्तर पुस्तिका हस्तलिखित होना अनिवार्य है। टाईप की हुयी, प्रिन्टेड अथवा कम्प्यूटराईज्ड उत्तर पुस्तिका स्वीकार्य नहीं होगी।

## उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण तथा प्रेषण

1. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिकाओं को अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय पर अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
2. परीक्षार्थी अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय में उत्तर पुस्तिका जमा करने के पश्चात् पावती आवश्यक रूप से प्राप्त करें। प्राचार्य / कार्यालय प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थियों ने पावती प्राप्त की है। पावती में जमा उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या आवश्यक रूप से लिखना होगा। परीक्षार्थियों को प्रदान की जाने वाली पावती का प्रारूप संलग्न है। इस हेतु छात्र से किसी भी प्रकार के शुल्क की मांग नहीं की जावेगी।
3. परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त शिक्षक वीक्षक के रूप में कार्यरत माने जावेंगे तथा उन्हें वीक्षक के लिए निर्धारित पारिश्रमिक का भुगतान किया जावेगा। इसी प्रकार तृतीय/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक के अनुसार भुगतान किया जावेगा।
4. स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर में जिन पाठ्यक्रमों के विषय में लघु शोध प्रबन्ध / प्रोजेक्ट आवश्यक है ऐसे परीक्षार्थी लघु शोध प्रबन्ध/प्रोजेक्ट जिले के अग्रणी महाविद्यालय पर समय सारिणी के अनुसार निर्धारित तिथि एवं समय-सीमा में विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के साथ पृथक से संलग्न कर जमा करेंगे।

## अन्य निर्देश :-

1. परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका लिखने के लिए नीले / काले बालपेन का उपयोग करना होगा।
2. विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा संचालन हेतु एक परीक्षा नियंत्रक कक्ष स्थापित किया गया है। जिसके दूरभाष क्रमांक 0751-2233270, 2442801 जहां पर परीक्षा संचालन के समय प्रति कार्य दिवस 10:30 से 05:30 तक सम्पर्क किया जा सकता है।
3. जिले के अग्रणी महाविद्यालय द्वारा संग्रहण हेतु इस प्रकार व्यवस्था की जावे कि कार्यरत कर्मचारियों एवं शिक्षकों के बीच पर्याप्त दूरी बनी रहे तथा शासन द्वारा जारी कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का समुचित पालन होता रहे।
4. परीक्षार्थियों द्वारा लिखे गये अनुक्रमांक एवं नामांकन क्रमांक में किसी भी प्रकार का विरोधाभाष न हो इस बावत प्रत्येक परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र की फोटो प्रति भी प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करेंगे।

परीक्षा संचालन में अग्रणी महाविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। समस्त प्राचार्यों से अनुरोध है कि वे परीक्षार्थियों को सूचित करने हेतु समुचित व्यवस्था करें। जिससे प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा के शिड्यूल की सूचना प्राप्त हो सके तथा कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित रहे।

सहा0/उप-कुलसचिव (परीक्षा गोपनीय)

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**ओपन बुक परीक्षा (द्वितीय अवसर) नवम्बर, 2020 हेतु उत्तरपुस्तिका के मुख पृष्ठ का प्रारूप**

**(समस्त कॉलम परीक्षार्थी द्वारा स्वच्छता से भरे जाना आवश्यक हैं)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय का नाम | |
| 2 | महाविद्यालय का नाम | |
| 3 | छात्र का नाम | |
| 4 | कक्षा | |
| 5 | छात्र का स्टेटस (नियमित/स्वाध्यायी/एटीकेटी/भूतपूर्व) | |
| 6 | प्रवेशपत्र पर अंकित परीक्षा केन्द्र का नाम | |
| 7 | विषय | |
| 8 | प्रश्न पत्र / प्रश्नपत्र शीर्षक | |
| 9 | प्रश्न पत्र कोड | |
| 10 | रोल नंबर (अनुक्रमांक): अंकों में<br>शब्दों में | |
| 11 | एनरोलमेंट नंबर (नामांकन क्रमांक) | |
| 12 | ओपन बुक उत्तरपुस्तिका जमा करने का दिनांक | |
| 13 | ओपन बुक उत्तर पुस्तिका के हस्तलिखित पृष्ठों की संख्या | |
| 14 | उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र का नाम | |

परीक्षार्थी की घोषणा: उत्तरपुस्तिका के सभी उत्तर मेरी स्वयं की हस्तलिपि में हैं।

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

| **खंड** | **पूर्णांक** | **प्रश्नवार प्राप्तांक** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **कुल प्राप्तांक** |
| **अ** | | | | | | | | |
| ब | | | | | | | | |
| स | | | | | | | | |

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## ओपन बुक परीक्षा (द्वितीय अवसर) नवम्बर, 2020 उत्तरपुस्तिका की पावती

| | | |
|---|---|---|
| 1 | महाविद्यालय का नाम | |
| 2 | छात्र का नाम | |
| 3 | कक्षा | |
| 4 | छात्र का स्टेटस (नियमित/स्वाध्यायी/एटीकेटी/भूतपूर्व) | |
| 5 | प्रवेशपत्र पर अंकित परीक्षा केन्द्र का नाम | |
| 6 | विषय | |
| 7 | प्रश्न पत्र / प्रश्नपत्र शीर्षक | |
| 8 | प्रश्न पत्र कोड | |
| 9 | रोल नंबर (अनुक्रमांक): अंकों में<br>शब्दों में | |
| 10 | एनरोलमेंट नंबर (नामांकन क्रमांक) | |
| 11 | ओपन बुक उत्तरपुस्तिकाएं एवं प्रोजेक्ट जमा करने का दिनांक एवं कुल संख्या | |

**संग्रहण केंद्र प्रभारी के हस्ताक्षर एवं सील व दिनांक**

---

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## ओपन बुक परीक्षा (द्वितीय अवसर) नवम्बर, 2020 उत्तरपुस्तिका की पावती

| | | |
|---|---|---|
| 1 | महाविद्यालय का नाम | |
| 2 | छात्र का नाम | |
| 3 | कक्षा | |
| 4 | छात्र का स्टेटस (नियमित/स्वाध्यायी/एटीकेटी/भूतपूर्व) | |
| 5 | प्रवेशपत्र पर अंकित परीक्षा केन्द्र का नाम | |
| 6 | विषय | |
| 7 | प्रश्न पत्र / प्रश्नपत्र शीर्षक | |
| 8 | प्रश्न पत्र कोड | |
| 9 | रोल नंबर (अनुक्रमांक): अंकों में<br>शब्दों में | |
| 10 | एनरोलमेंट नंबर (नामांकन क्रमांक) | |
| 11 | ओपन बुक उत्तरपुस्तिकाएं एवं प्रोजेक्ट जमा करने का दिनांक एवं कुल संख्या | |

**संग्रहण केंद्र प्रभारी के हस्ताक्षर एवं सील व दिनांक**

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## ओपन बुक (द्वितीय अवसर) नवम्बर, 2020 संग्रहण केन्द्र पर संधारित किए जाने वाले रजिस्टर का प्रारूप

ओपन बुक उत्तर पुस्तिका संग्रहण केंद्र का नाम: ____________________

| क्र | छात्र का नाम | अग्रेषण केंद्र महाविद्यालय का नाम | रोल नं | कक्षा | विषय | प्रश्न पत्र | ओपन बुक कुल उत्तर पुस्तिकाओं एवं प्रोजेक्ट की संख्या | उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने वाले शिक्षक के हस्ताक्षर | छात्र के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

संग्रहण केंद्र प्रभारी के हस्ताक्षर एवं सील व दिनांक